प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी कल से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। चार अक्टूबर को वे सीएमपीडीआई में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पांच अक्टूबर को श्री रेड्डी घाटशिला में एचसीएल के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और सुरदा कॉपर माइंस का निरीक्षण करेंगे। छह अक्टूबर को श्री रेड्डी सीसीएल के बीएंडके एरिया जायेंगे और कोनार में कोल हैंडलिंग प्लांट का शिलान्यास करेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले उपहारों की होने वाली ई–नीलामी की तारीख 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। पहले यह नीलामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक निर्धारित थी। सरकार ने लोगों से ई–नीलामी में भाग लेने का आग्रह किया है क्योंकि इससे प्राप्त होने वाली धनराशि नमामि गंगे कोष में जमा की जाएगी। जो व्यक्ति इस प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट **pmmementos.gov..in** के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

****

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय ने 2 अक्तूबर से सूत कातने वालों के वेतन में 25 प्रतिशत और करघा चलाने वालों के वेतन में 7 प्रतिशत की वृद्धि की है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि सूत कातने वालों को पहले प्रति लच्छे दस रुपये मिलते थे जिसे बढ़ाकर साढ़े 12 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में वेतन में लगभग 213 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने खादी उत्पादों पर 20 प्रतिशत और ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत छूट की भी घोषणा की।

****

केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने दावा करते हुए कहा है कि चुनाव के बाद झारखंड में परिवर्तन निश्चित है और एनडीए की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड दौरे को लेकर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय का जो कार्यक्रम लॉन्च किया है, उसका पूरे झारखंड में बहुत बड़ा प्रभाव है। उन्होंने हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चम्पाई सोरेन आज पाकुड़ के बाजार समिति प्रांगण में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में शामिल होंगे। महासम्मेलन में भाग लेने के लिए आदिवासियों की पारंपरिक व्यवस्था को संचालित करने वाले ग्राम प्रधान,नायक़ी,गुडित का कार्यक्रम स्थल पर आना शुरू हो गया है। इस महासम्मेलन में संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ और बदलती डेमोग्राफी की समस्या पर भी मंथन होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों से प्रभावित होकर बोकारो जिले के किसान मोटे अनाज की खेती बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

जेएसएससी– सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए छात्र संगठनों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर राज्य में कई जगहों पर प्रदर्शन किया है । साहिबगंज महाविद्यालय

के छात्रों ने पूरे शहर में बंदी का आह्वान किया है । दुमका में भी छात्र संगठनों ने परीक्षा रद्द की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया।

****

देवी दुर्गा की पूजा का 9 दिवसीय त्योहार –नवरात्रि आज श्रद्धा–भाव और उत्साह के साथ शुरू हो गया। पहले दिन देवी दुर्गा के शैलपुत्री स्परूप की आराधना की जा रही है। रांची समेत राज्य भर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। व्रत रखने के साथ ही भक्त अपने घरों में कलश स्थापना कर आराधना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज से शुरू हुए नवरात्रि के शुभ अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, शक्ति वंदना को समर्पित यह पवित्र त्योहार सभी के लिए शुभ साबित हो। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं।

****